हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप

विजयादशमी पर राठौर समाज निकालेगा बाइक महारैली



जांजगीर-चाम्पा। विजयादशमी पर्व पर 20 अक्टूबर मंगलवार को जांजगीर में राठौर समाज की भव्य बाइक महारैली का आयोजन किया जाएगा। यह महारैली समाज की एकता, स्वाभिमान, संगठन शक्ति और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बनेगी। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए राठौर समाज के बंधुओं और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के गौरवशाली इतिहास और आदर्शों से प्रेरित इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकजुटता की भावना को मजबूत करना तथा युवाओं को सामाजिक संगठन और सामूहिक सहभागिता के प्रति प्रेरित करना है। महारैली के माध्यम से समाज की आन, बान और शान के साथ आपसी भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने समाज के सभी बंधुओं और युवाओं से अपील की है कि वे विजयादशमी के इस शुभ अवसर पर बाइक महारैली में बनकर आयोजन को सफल बनाएं। समाज की एकता और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए इस गौरवशाली परंपरा को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया है। आयोजकों ने सभी समाजजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महारैली को ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनाएं।

सिलादेही में खिला ब्रह्म कमल लोगों ने की पूजा-अर्चना



बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में पंडित शिव प्रसाद तिवारी के यहां ब्रम्ह कमल का फुल खिला है । 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रात्रि में ब्रह्मा कमल का फूल के खिलने से पूरे परिवार के द्वारा ब्रह्म कमल के फूल का दर्शन कर करके पूजा अर्चना करते हुए ग्राम सिलादेही में सुख शांति की कामना हेतु पूजा पाठ किया गया । इसके साथ ही गांव के बहुत से श्रद्धालु गण दर्शन के लिए रात्रि में पहुंचे हुए थे। अगले दिन सुबह 17 अक्टूबर शनिवार को पंडित देवकीनंदन तिवारी ने बाजार चौक सिलादेही विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा में सुबह 8 बजे पूजा करते हुए ब्रह्म कमल को माता के चरण कमल पर अर्पित किए। मुख्य यजमान इंद्राणी किरण केवट, तीज बाई, राजू अदित्य, अनीता केवट, मनीषा पटेल ,मुनीराम पटेल ,कृष्ण केवट, मेलूराम पटेल, हीरालाल मांझी, मिलन कुमार, सरित पटेल ,विजय पटेल, मुकेश पटेल, चंद्रप्रकाश केवट, लाली केवट, सुनीति केवट, सुनिधि पटेल ,हसीना पटेल ,चंचल केवट आदि बहुत से भक्त गण माता की चरण कमल में ब्रह्मा कमल को चढ़ाकर माता की पूजा अर्चना की।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम मुंगेली रवाना

जांजगीर-चांपा। जिला कबड्डी संघ जांजगीर-चांपा द्वारा 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जिले के चयनित खिलाड़ियों को खेल किट एवं ड्रेस वितरित कर मुंगेली के लिए रवाना किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन मुंगेली जिले के करही में किया जा रहा है। इसमें जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित खिलाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के लिए ड्रेस की व्यवस्था जिला कबड्डी संघ के सचिव रामकुमार प्रधान ने अपनी स्वर्गीय माताजी की स्मृति में की है। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र तिवारी, संयुक्त सचिव वरुण पांडेय, सह सचिव एवं कोच रविंद्र कुमार यादव, मीडिया प्रभारी आशीष नेताम, रुक्मणी पांडेय और मनीराम केवट ने खिलाड़ियों को ड्रेस एवं खेल किट वितरित की। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने और जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। चयनित खिलाड़ियों के मुंगेली रवाना होने पर खेलप्रेमियों ने भी उनके अच्छे प्रदर्शन की कामना की।



हरि लीला ट्रस्ट ने कराया आयोजन, मेधावी विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए और स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

भक्ति राग की ऐसी बही बयार, देर रात तक माता के जयकारों से गूंजता रहा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रा खुशबू देवांगन का सम्मान करते अतिथि एवं भजनों की प्रस्तुति देती शहनाज अख्तर।

सेवा, समर्पण और सद्भाव के संकल्प के साथ जनहित के कार्यों में जुटे हरि लीला ट्रस्ट का आयोजन 'भक्ति राग जांजगीर एक शाम मां के नाम' शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर की भक्तिमय प्रस्तुतियों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे और माता के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। इस दौरान बोर्ड के मेरिट सूची में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू रहे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जनसेवा, प्रतिभा सम्मान और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू सपरिवार शामिल हुए। क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद कमला पाटले, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवांगन गढ़ेवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष कांता मनमोहन कश्यप, जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया, चांपा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, इंजी. रवि पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने हरि लीला ट्रस्ट द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ समाज में सेवा, सहयोग और समरसता की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर ट्रस्ट ने प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की सराहनीय पहल की है। कार्यक्रम को सांसद कमलेश जांगड़े, जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप ने भी संबोधित करते हुए हरि लीला ट्रस्ट की सामाजिक गतिविधियों, जनहितकारी पहलों और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद भक्ति संगीत का कार्यक्रम शुरु हुआ। भजन गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों ने आयोजन को भक्तिमय रंग में रंग दिया। माता के भजनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु देर रात तक उत्साह से सहभागी बने रहे। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक सहभागिता की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रावीण्य सूची में टॉप-10 स्थान हासिल करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों कक्षा 12वीं के टॉप टेन में स्थान बनाने वाली सरस्वती शिशु मंदिर चांपा की छात्रा खुशबू देवांगन और कक्षा 10वीं के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के दो छात्र नैतिक गौतम व लोकेश राठौर को 21 हजार रू का चेक, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान कर अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया ने आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं, अतिथियों और सहयोगियों का अभिवादन करते हुए कहा कि समाज से हमें जो मिलता है, उसे वापस समाज को लौटाना ही जनसेवा है। उन्होंने सेवा के इस संकल्प को आगे बढ़ाने और जरूरतमंदों के सहयोग के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। ट्रस्ट सचिव अमर सुल्तानिया ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जिलेवासियों को हरि लीला ट्रस्ट परिवार का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संकल्पित है। साथ ही सभी से साथ जुड़कर क्षेत्र के जरूरतमंदों की सेवा और सामाजिक विकास के कार्यों में सहभागी बनने की अपील की।

जन्मदिन के अवसर को बनाया सेवा और सद्भाव का उत्सव

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया का जन्मदिन अतिथियों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में केक काटकर मनाया गया। वहीं, 15 अक्टूबर को जन्मदिन होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने भी ट्रस्ट के आमंत्रण पर केक काटा। आयोजन में जन्मदिन की खुशियों के साथ सामाजिक सहभागिता और जनसेवा का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। कार्यक्रम का संचालन हितेश यादव तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश शर्मा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में हरि लीला ट्रस्ट परिवार के आशीष सुल्तानिया, अभिषेक सुल्तानिया, आलोक सुल्तानिया, अभिनव सुल्तानिया, मनीष तिवारी, हितेश यादव, धर्मेंद्र राणा, सुधीर झाझड़िया, मुकेश भोपालपुरिया, जितेंद्र खांडे, साकेत तिवारी, सुनील पांडेय, वृंदावन सिंह, वीरेंद्र सिंह, विवेक सिंह, जितेंद्र तिवारी, भूपेंद्र साहू, रामेश्वर पटेल, संतोष राठौर, रमेश सोनवानी, मणिकांत अग्रवाल, पुष्पेंद्र निर्मलकर, आशीष गोयल, प्रवीण अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विवेक मित्तल, विक्रांत अग्रवाल, आकाश सिंघानिया, अंकित अग्रवाल, अखिल बंसल, पियुष सराफ, तपन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल विवेक सुल्तानिया, आर्यन, संस्कार, संदीप पांडेय, राजेंद्र साहू, अविनाश द्विवेदी, हितेश साहू, डिगेश मनहर, सोनू यादव, सागर राठौर, कमल राठौर, अंशु राठौर, कुलदीप, गोलू दुबे, पिकू राठौर, बादल बजाज, गजेंद्र कर्ष, प्रदीप राठौर, रवि पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का योगदान रहा।

414 छात्राओं को वितरित की गई स्वच्छता सामग्री

अकलतरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 13 अक्टूबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा में बालिका स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 414 छात्राओं को स्वच्छता सामग्री वितरित कर व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य संरक्षण और आत्मसम्मान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सजगता समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। किशोरावस्था में उचित मार्गदर्शन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर बालिकाओं को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाया जा सकता है। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है। इस प्रकार की पहल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।कार्यक्रम का संचालन योगेश राठौर एवं योगेश साहू ने किया।कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी, विद्यालय के प्राचार्य एच.आर. चौहान, भाजपा जिला महामंत्री नंद चौधरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पाटले, जिला उपाध्यक्ष शमीर शुक्ला, जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष चंदन शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा की सदस्य उपस्थित रहीं।

- बालिकाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मसम्मान के प्रति जागरूकता पर दिया गया जोर



मां महामाया मंदिर से चंद्रपुर तक पदयात्रा कबीर कुटी में श्रद्धालुओं की सेवा



फगुरम। मां महामाया मंदिर सक्ती से 14 अक्टूबर को प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार चंद्रपुर पदयात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता रानी के जयकारों के बीच श्रद्धालु चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी के दर्शन और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रवाना हुए। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। इसी कड़ी में ग्राम तौलीपाली स्थित कबीर कुटी में पदयात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। यहां कबीर पंथी समाज के सदस्यों और ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर उन्हें जलपान कराया। सेवा कार्य में सभी ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया। पदयात्रियों की सेवा और सहयोग के इस प्रयास से धार्मिक यात्रा का माहौल और भी भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर कबीर कुटी के संचालक महेश्वर साहेब, फुलचंद डनसेना, मलिक राम यादव (बीडीसी), हेमंत गवेल, संतोष राठौर, शिव सिदार, चक्रधारी भारद्वाज (सरपंच), हेमंत वर्मा, सोमेश्वर वर्मा, श्यामलाल गवेल, भानु प्रताप गवेल, कैलाश गवेल, लक्ष्मी चन्दा, लव गवेल और नोहर साय गवेल सहित कबीर पंथी समाज के सदस्य, आसपास के श्रद्धालु एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पदयात्रा के सुचारू संचालन में सहयोग देते हुए सेवा और सद्भाव का संदेश दिया।

विधायक क़ी चेतावनी का असर, शुरू हुई रामबांधा के साथ शहर क़ी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

क्षेत्रीय विधायक एवं नगर के कांग्रेस जन द्वारा रामबान्धा तालाब से जलकुम्भीयों सहित नगर क़ी सफाई जर्जर सड़कों क़ी मरम्मत और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार किये जाने के अलावा बेलदारपारा में मंदिर के पास मुक्तिधाम निर्माण का कार्य बंद किये जाने जैसी मांगों को लेकर शुक्रवार को एस. डी. एम. के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर 10 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर आगामी 2 नवम्बर को विशाल जन आंदोलन किये जाने क़ी चेतावनी का असर नजर आने लगा हैं।

- मांगे पूरी न होने पर जन आंदोलन क़ी दी थी चेतावनी

विधायक क़ी चेतावनी से हरकत में आये नगर प्रशासन ने शनिवार से रामबान्धा तालाब सहित नगर के मुख्य मार्गो क़ी सफाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया हैं। इसके अतिरिक्त सड़कों क़ी जर्जर दशा सुधारने हेतु टेंडर भी जारी कर दिया हैं। उल्लेखनीय हैं कि 16 अक्टूबर को शहर कांग्रेस कमेटी की नियमित मासिक बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला महामंत्री नागेंद्र गुप्ता एवं शहर अध्यक्ष सुनील साधवानी की मौजूदगी में कांग्रेसजन ने रामबान्धा तालाब सहित नगर के मुख्य मार्गो की सफाई नहीं किये जाने, जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं होने, स्ट्रीट लाइट बंद होने से मुख्य मार्गों के अंधेरे में डूबे होने तथा स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर रोष प्रगट कर विपक्ष यानि कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया था। बैठक में ही पूर्व पार्षद अनीता प्रकाश ने जन आपत्ति होने के बाद भी बेलदारपारा में मंदिर किनारे मुक्तिधाम निर्माण किये जाने की बात उठाते हुए निर्माण रोके जाने का मुद्दा रखा था। इसके बाद पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय के साथ सभी नेताओं और कांग्रेसजन ने तहसील कार्यालय पहुंचकर वहां एस. डी. एम. की गैर मौजूदगी में उनके नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर 10 दिनों में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगामी 2 नवम्बर को विशाल जन आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी थी। विधायक एवं कांग्रेस संगठन द्वारा दी गयी चेतावनी का असर दूसरे दिन शनिवार से ही नजर आने लगा हैं। नगर प्रशासन ने रामबान्धा तालाब सहित नगर में सफाई का कार्य प्रारम्भ करा दिया हैं। साथ ही नगर की जर्जर सड़कों की दशा सुधारने और इनका डामरीकरण करने हेतु टेंडर भी जारी कर दिया हैं। इसके अलावा नगर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारे जाने की कार्रवाई भी चालू कर दी गयी हैं. अब देखना यह हैं कि यह कार्य अपने अंजाम तक पहुंचता हैं अथवा कांग्रेसी सड़क पर उतरने को बाध्य होते हैं।



तालाब की सफाई करते पालिका के कर्मचारी।



एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते विधायक व्यास कश्यप के साथ कांग्रेस पदाधिकारी।

कलाम जयंती पर विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स तकनीक को समझा

सक्ती। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विद्यालय की रोबोटिक्स लैब में विभिन्न तकनीकी उपकरणों और उनके उपयोग के बारे में सीखा।गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने सेंसर, आर्डुइनो ऊनो, मोटर ड्राइवर सहित रोबोट निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली को समझा। उन्हें बताया गया कि इन उपकरणों की सहायता से स्वचालित रोबोट एवं उपयोगी तकनीकी मॉडल तैयार किए जा सकते हैं।शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा ने बताया कि वर्तमान समय विज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है। ऐसे में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना आवश्यक है, ताकि उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, समस्या समाधान तथा नवाचार की क्षमता विकसित हो सके। इसी उद्देश्य से विद्यालय में स्वयं के प्रयासों से रोबोटिक्स लैब विकसित की गई है, जहाँ विद्यार्थी प्रयोगों के माध्यम से सीख रहे हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के संघर्षपूर्ण जीवन, उनकी मेहनत, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा देश के विकास में उनके योगदान के बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे डॉ. कलाम के सपनों से प्रेरणा लेकर बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और अपने ज्ञान एवं कौशल से समाज तथा राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

› नका दाई मंदिर बनारी में श्रीमद् देवी भागवत कथा में शक्ति उपासना पर प्रवचन

भगवान भी मातृ ऋण से मुक्त नहीं हो पाए : आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय एवं आरती करते श्रद्धालु।

ग्राम बनारी के मनका दाई मंदिर में आयोजित देवी भागवत कथा में आचार्य पंडित मनोज पांडे ने देवी महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा -सनातन धर्म में देवियों की शक्ति को बहुत ऊंचा स्थान दिया गया है। यहां तक कि जब हम देवताओं का नाम लेते हैं तो उनकी शक्ति का नाम पहले रखते हैं। इसीलिए हिंदू धर्म में राधा-कृष्ण, उमा-महेश्वर, सीता-राम आदि में देवी शक्ति का नाम प्रथम आता है। उन्होंने बताया कि वेदों में कहा गया है - मातृ देवो भव, पितृ देवो भव। माता को पहला स्थान मिला है, उसके बाद पिता फिर आचार्य को। आचार्य श्री ने कहा कि तीन प्रकार के ऋण हमारे सनातन धर्म में कहे गए हैं - देवऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण। तो देव, ऋषि और पितृ ऋण से कोई मुक्त हो सकता है। कभी-कभी प्रश्न आता है कि मातृ ऋण का उल्लेख क्यों नहीं किया गया? जो ऋण चुकाना संभव ही न हो, उसकी चर्चा ही न करें, इसी में भलाई है। इसीलिए मातृ ऋण का उल्लेख नहीं किया गया है। 9 महीने गर्भ में धारण करने का, फिर अनेक वर्षों तक मल-मूत्र धोने का, भोजन कराने, दूध पिलाने, फिर चलना सिखाने, बोलना सिखाने और अनेक वर्षों तक विद्यालय भेजने, तैयार करने फिर जीवन पर्यंत सेवा करने, सद्भावना रखने आदि का मूल्य कोई भी पुत्र नहीं चुका सकता।पिता का ऋण चुकाना सरल है लेकिन माता का ऋण नहीं चुकाया जा सकता। यह इतना बड़ा ऋण है, भगवान भी मातृ ऋण से मुक्त नहीं हो पाए। यही हम हिंदुओं की शक्ति आराधना है, उपासना है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत आईटीआई के विद्यार्थियों को किया जागरूक

मालखरौदा। सक्ती जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 चंद्रपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को मालखरौदा स्थित आईटीआई में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची के सत्यापन और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत मालखरौदा के बूथ क्रमांक 48 के छतराम जायसवाल, बूथ क्रमांक 49 के संतोष कुमार चंद्रा, बूथ क्रमांक 50 के डॉ. प्रकाश राज, बूथ क्रमांक 51 के विजय कुमार टंडन तथा बूथ क्रमांक 52 के रामकुमार लहरे ने आईटीआई पहुंचकर विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। इस दौरान अनुपस्थित एवं स्थानांतरित मतदाताओं के साथ ही मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों का सत्यापन करने की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची के सत्यापन की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से पूरा करना है। इस अवसर पर आईटीआई की संस्था प्रमुख श्रीमती राखी मिश्रा, प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती पुष्पा रात्रे, चंद्र भूषण गहरे, संजीव गबेल और श्रीमती रतना कश्यप उपस्थित रहे।



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 18 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

माता शबरी के जूठे बेर खाकर प्रभु श्रीराम ने दिया था भेदभाव मिटाने का संदेश

4





खबर संक्षेप

स्व आकलन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा आज

बिर्रा। विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत देवलाल चंद्रा मेमोरियल समिति बिर्रा द्वारा संचालित देव पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम बसंतपुर, बिर्रा में रविवार 18 को सुबह 11 बजे से स्व आकलन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन रखा गया है। जिसमें जांजगीर चांपा एवं सक्ती और बलौदा बाजार, सारंगढ़ आदि जिला के अलावा कई जिले के इच्छुक बच्चे इस स्व आकलन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होंगे। जिसकी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सीएम उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृति योजना के तहत 30 तक आवेदन

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

विजयादशमी पर राठौर समाज द्वारा 20 को निकाली जायेगी महारैली

जांजगीर-चांपा। विजयादशमी पर 20 अक्टूबर मंगलवार को जांजगीर में राठौर समाज की भव्य बाइक महारैली का आयोजन किया जाएगा। यह महारैली समाज की एकता, स्वाभिमान, संगठन शक्ति और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बनेगी। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए राठौर समाज के बंधुओं और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने समाज के सभी बंधुओं और युवाओं से अपील की है कि वे विजयादशमी के इस शुभ अवसर पर बाइक महारैली में बनकर आयोजन को सफल बनाएं। समाज की एकता और सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करते हुए इस गौरवशाली परंपरा को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया है।

मिला स्थायी जाति प्रमाण पत्र, अन्य सदस्यों के लिए भी प्रक्रिया हुई आसान

जांजगीर-चांपा। समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में सेवा सेतु केन्द्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन और उनके वितरण की प्रक्रिया सुविधाजनक हो रही है। इसी कड़ी में तहसील अकलतरा के ग्राम सांकर निवासी अजय कुमार ने अपने पुत्र के आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सेवा सेतु केन्द्र अकलतरा में आवेदन किया। आवेदन के बाद कुछ ही दिनों में उन्हें अपने पुत्र का स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। प्रमाण पत्र की पीडीएफ प्रति सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप के जरिए उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी भी शीघ्र मिल गई।

घनी आबादी के बीच पटाखों का अवैध भंडारण, हादसे की आशंका

शहर से लेकर गांव तक बारूद का ढेर, एक चिंगारी बरपा सकती है कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दिवाली का त्यौहार करीब आने लगा रहा। इसके साथ ही पटाखों का अवैध बंडारण भी शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र के अलावा गांव-गांव में व्यापारी पटाखे को स्टॉक करने लगे हैं। घनी आबादी के बीच बड़े पैमाने पर पटाखों के भंडारण से हादसों का खतरा मंडरा रहा है।

दीवाली में पटाखों की खूब डिमांड रहती है। बच्चे दिवाली के काफी पहले से ही पटाखे खरीदने और फोड़ने लगते हैं। ऐसे में व्यापारियों ने पटाकों का भंडारण शुरू कर दिया है। शहरी क्षेत्र के बड़े व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर स्टॉक रख लिया है। इधर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यापारी भी पटाखे भंडारित कर रहे हैं। जांजगीर, चाम्पा, अकलतरा, शिवरीनारायण में कई बड़े पटाखा व्यापारी हैं। बताया जा रहा है कि कुछ थोक पटाखा विक्रेताओं ने निर्धारित सुरक्षा मानकों और भंडारण संबंधी नियमों की अनदेखी करते हुए लगभग 20 से 25 टन पटाखे जमा कर रखे हैं। रिहायशी क्षेत्र में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री का भंडारण किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। जानकारी के अनुसार, अकलतरा नगर में सात से आठ थोक एवं बड़े पटाखा विक्रेता कारोबार करते हैं। बताया जा रहा है कि कुछ विक्रेताओं ने अपने आवासीय परिसरों में ही गोदाम बना रखे हैं। नगर के प्रमुख मार्गों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पटाखों का इस प्रकार भंडारण सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पटाखे अत्यधिक ज्वलनशील होते हैं। ऐसे में आग लगने, विद्युत शॉर्ट सर्किट अथवा किसी अन्य दुर्घटना की स्थिति में आग तेजी से फैलने और जान-माल के व्यापक नुकसान की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। घनी आबादी के बीच बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण इस खतरे को और बढ़ा सकता है। थोड़ी-सी लापरवाही भी भयावह परिणाम सामने ला सकती है। नगर के थोक पटाखा विक्रेताओं द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे व्यापारियों को अभी से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पटाखों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। ऐसे में सुरक्षा का खतरा केवल शहर तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है।



सप्ताह भर के भीतर 9 लाख से अधिक का अवैध पटाखा जब्त

पुलिस ने सप्ताह भर के भीतर 9 लाख से अधिक का अवैध पटाखा जब्त किया है। शनिवार 17 अक्टूबर को बिर्रा पुलिस ने बिर्रा में ही अवैध रूप से भंडारीत करके रखें करीब 66 किलो पटाखा बरामद किया। इस मामले में आरोपी रुपेश अग्रवाल के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की गई। जप्त किये गए पटाखा की कीमत 75 हजार रुपए बताई जा रही है। इसी प्रकार बाराद्वार पुलिस द्वारा रविवार 11 अक्टूबर को बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 8 में अवैध रूप से भंडारण कर रखे करीब 64 हजार 584 रुपए का पटाखा बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी व्यापारी निखिल अग्रवाल के खिलाफ विस्फोटक कार्यवाही की गई। इसी तरह 9 अक्टूबर को बलौदा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैजलपुर के एक क्रेशर खदान में अवैध रूप से भंडारीत 8 लाख से अधिक का अवैध पटाखा बरामद किया गया। इस मामले में आरोपी बीएल अग्रवाल के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल

मामले में संबंधित विभागों की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि पटाखों का भंडारण निर्धारित नियमों के विपरीत किया जा रहा है, तो इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग तथा विस्फोटक सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों से मांग की जा रही है कि पटाखा गोदामों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए।

शिकायत मिलने पर कार्रवाई

पटाखों के अवैध भंडारण के संबंध में अब तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अविनाश चौहान,
तहसीलदार, अकलतरा

की जा रही कार्यवाही

गांव एवं शहरों में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं बिक्री को लेकर मामला सामने आने पर कार्यवाही की जा रही है। इस तरह का एक्शन आगे भी जारी रहेगा।

-यूलैडन यार्क
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
जांजगीर चांपा

पिटाई से हुई थी बंदी की मौत, चार साल बाद हत्या का अपराध दर्ज

मानवाधिकार आयोग की जांच के बाद हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला जेल के बंदी की मौत के मामले में अहम खुलासा हुआ है। जेल दाखिल करने से पहले की गई पिटाई से बंदी की मौत हुई थी।मानवाधिकार आयोग की जांच के बाद इस बात का खुलासा हुआ। इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना के 4 साल बाद हत्या का अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला वर्ष 2022 को नवागढ़ क्षेत्र का है। आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के मामले में जगदीश गोंड एवं महादेव गोंड को पकड़ा था। इसके बाद दोनों को जेल दाखिल किया गया और बाद मेंजगदीश की मौत हो गई। मामले में पुलिस की जांच तो चल ही रही थी। साथ ही मानवाधिकार आयोग ने भी जांच की। वहीं एसडीएम ने भी जांच की। जांच में सामने आया कि 15 अप्रैल 2022 को आबकारी वृत्त शिवरीनारायण की टीम ने देवरी मोड़ केरा-बिर्रा मार्ग पर छापेमारी कर जगदीश गोंड एवं महादेव गोंड को 30 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा था। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल जांजगीर में दाखिल कराया गया। अगले ही दिन जेल में जगदीश की तबीयत बिगड़ी और जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।जांच के दौरान सहबंदी के बयान और शव पंचनामा में मिले चोट के निशानों से स्पष्ट हुआ कि जेल में दाखिल करने से पहले आबकारी कर्मचारियों द्वारा मृतक के साथ मारपीट की गई थी, जिसके कारण जगदीश की मृत्यु हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर थाना नवागढ़ में संबंधित आबकारी कर्मचारियों के विरुद्ध धारा 302, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

बोलेरो ने आटो को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

जांजगीर-चांपा। तेज रफ्तार बोलेरो ने आटो को ठोकर मार दी। घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुलीपोटा की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोड़सरा निवासी चंद्रशेखर पिता रामनारायण धीवर समेत अन्य लोग आटो में सवार होकर चांपा की ओर जा रहे थे। वे अभी कुलीपोटा के पास ही पहुंचे थे। इस बीच शुक्रवार 16 अक्टूबर की रात तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने आटो सवार लोगों को ठोकर मार दी। घटना में चंद्रशेखर धीवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई एवं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना के बीच लोगों की भीड़ इकट्टा होने के बाद जांजगीर चांपा मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित भी हुआ। जिसके चलते लोगों को आने जाने में परेशानी भी हुई।

पैसों के विवाद में हत्या का प्रयास, तीन आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद में मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से डंडा, बटनदार चाकू और पिस्टलनुमा लाइटर जब्त किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया।

- कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

इस संबंध में पुलिस के अनुसार, घटना 15 अक्टूबर की रात करीब 12:30 बजे की है। आरोपी आसिफ खान ने प्रार्थी को फोन कर बुलाया और बीटीआई चौक से बड़े नहर पुल की ओर ले गया। वहां पैसों की मांग करते हुए डंडे से मारपीट की और धारदार चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी ने बचाव के लिए मोबाइल निकाला तो आरोपी ने उसे पटककर तोड़ दिया। इसी दौरान सतीश यादव उर्फ बाटा और उमाशंकर यादव उर्फ बाबा भी पहुंच गए और डंडे से मारपीट करने लगे। आरोप है कि सतीश यादव ने कट्टे जैसा हथियार निकालकर प्रार्थी की ओर फायर किया। चोट लगने से प्रार्थी बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने सतीश यादव उर्फ बाटा उम्र 32 निवासी आईबी रेस्ट हाउस के पास, वार्ड क्रमांक 21, जांजगीर, आसिफ खान उम्र 25 वर्ष पुरानी बस्ती, नैला, उमाशंकर यादव निवासी खड़पड़ीपारा, वार्ड क्रमांक 20, जांजगीर को गिरफ्तार किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

आस्था का जनसैलाब...



जांजगीर-चांपा। देवी आराधना के महापर्व नवरात्रि पर जिला मुख्यालय जांजगीर में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। स्टेशन रोड नैला में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा और मनमोहक पंडाल को देखने पूरे छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु पहुंच रहे है। पंचमी के बाद से प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख भक्त दर्शन के लिए आ रहे है। वहीं छठ की तिथि पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगडे ने भी पंडाल में पहुंचकर दर्शन पूजन किए।

दूरस्थ खेतों में पहुंचकर कलेक्टर ने पीवी ऐप सर्वे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत अड़भार और चारपारा क्षेत्र में कलेक्टर द्वारा पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने अड़भार और चारपारा क्षेत्र के दूरस्थ खेतों तक पहुंचकर सर्वे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरी सावधानी एवं सटीकता के साथ त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य के दौरान किसी भी किसान का रकबा अथवा खसरा छूटने नहीं पाए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सभी आवश्यक जानकारियों का सही-सही संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण हो सके। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से भी चर्चा कर सर्वे कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने किसानों से सर्वे कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पीवी ऐप सर्वे एवं एग्रीस्टैक पंजीयन से वंचित शेष किसान अपना पंजीयन कराने की बात कही है।

भंवतरा प्राथमिक शाला भवन की स्थिति जर्जर, अतिरिक्त कक्ष में पढ़ाने की मजबूरी

पामगढ़। पामगढ़ ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भंवतरा के प्राथमिक स्कूल भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। जिसके चलते बच्चों को अतिरिक्त कक्ष भवन में पढाने की मजबूरी बनी हुई है। इस तरह की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदार स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी इस समस्या के निराकरण की ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

गौरतलब है कि शासकीय प्राथमिक शाला भंवतरा का मूल भवन वर्तमान में उपयोग योग्य नहीं है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई अतिरिक्त कक्ष भवन में संचालित हो रही है। लेकिन चिंता की बात यह है कि जिस अतिरिक्त कक्ष में बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, उसकी स्थिति भी जर्जर बताई जा रही है। वहीं इसी परिसर में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भंवतरा के भवन की स्थिति भी चिंताजनक है। बारिश के समय छत से पानी का सीपेज होता है, छत का प्लास्टर जगह-जगह गिर रहा है तथा छत और दीवारों में दरारें भी दिखाई दे रही हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला की छत को तिरपाल से ढंका गया है। यदि बारिश से बचाव के लिए विद्यालय की छत पर तिरपाल लगाना पड़ रहा है और भवन में दरारें पड़ चुकी हैं, तो ऐसी स्थिति में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है।

टेमर समपार फाटक पर लगी वाहनों की लंबी कतार, बढ़ी परेशानी

चौथी लाइन शुरू होने के बाद भी नहीं बना ओव्हरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने चौथी लाइन तो शुरू कर दी है, लेकिन इसके साथ जरूरी बुनियादी ढांचे यानी ओवरब्रिज के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया। इसका खामियाजा अब टेमर समपार से आने-जाने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ ट्रक, बस और एम्बुलेंस में सवार मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

हालात यह हैं कि लोगों को फाटक पार करने में ही रोजाना आधा से एक घंटा तक बर्बाद करना पड़ रहा है। 17 अक्टूबर को टेमर समपार पर शाम करीब 5:30 बजे जैसे ही गेटकीपर ने फाटक बंद करने के लिए हूटर बजाया, ट्रैक पर वाहनों की भारी भीड़ के कारण लोग अपनी गाड़ियां पार नहीं कर पा रहे थे। इस बीच रेलवे स्टेशन की ओर से एक एक्सप्रेस ट्रेन के लिए सिग्नल दिया जा चुका था। गनीमत यह रही कि गेटमैन के पास मौजूद सिग्नल की मदद से उसने ट्रेन को आउटर पर रुकवाया और किसी तरह मशक्कत कर फाटक बंद किया गया। बड़ी मुश्किल से तीन लोगों के संयुक्त प्रयासों के बाद जाकर फाटक बंद हो पाया, जिसके बाद एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनें वहां से गुजर सकीं। दोनों तरफ लगा एक-एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला। बताया जाता है कि जैसे ही फाटक बंद हुआ, उसके दोनों तरफ एक बार फिर करीब एक-एक किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। नवरात्रि के इस पावन पर्व के सीजन में जिला मुख्यालय आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को रोजाना इस ट्रैफिक जाम में 1 से 2 घंटे तक फंसना पड़ रहा है। रेल विभाग ने चौथी लाइन शुरू करने के बाद भी आज तक ओवरब्रिज का निर्माण नहीं कराया है, इसलिए इसका सीधा असर सक्ती, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर और रायगढ़ की ओर से आने-जाने वाले हजारों वाहन चालकों पर पड़ रहा है। इस भारी असुविधा के कारण आम जनता और वाहन चालकों में रेल प्रशासन के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा आक्रोश है, और वे जिम्मेदारों को लगातार कोस रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द टेमर समपार पर ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की है ताकि इस रोज-रोज की मुसीबत से निजात मिल सके। हालांकि नवरात्रि के दिनों में समस्या और भी बढ़ गई है।



टेमर समपार पर लगी वाहनों की कतार।

बालपुर-उमरेली के मध्य 3 घंटे रुकी मेमू लोकल, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कोरबा से डोंगरगढ़ तक जाने वाली मेमू लोकल ट्रेन 17 अक्टूबर शनिवार को बालपुर उमरेली के मध्य आउटर में करीब 3 घंटे तक सिग्नल नहीं मिलने के कारण रोक दिया गया। जिससे आसपास के यात्री परेशान होकर अपने घर पैदल जाना पड़ा पैदल जाना पड़ा और चाम्पा तथा बिलासपुर से अलग ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को खूब परेशानी का सामना करना पड़ा।

ज्ञात हो कि कोरबा से डोंगरगढ़ तक जाने वाली मेमू लोकल ट्रेन शनिवार 17 अक्टूबर को बालपुर उमरेली के बीच तकरीबन 3 घंटे तक सिग्नल नहीं के कारण रोक दी गई। ट्रेन में बडी संख्या में यात्रीगण सवार थे। इस ट्रेन में सवार यात्री सिवनी के जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर व अन्य यात्रियों ने बताया कि प्रतिदिन की भांति कोरबा से डोंगरगढ़ तक चलने वाली मेमू लोकल ट्रेन 17 अक्टूबर शनिवार को करीब 3 बजे से लेकर 6 बजे तक बालपुर रेलवे स्टेशन और चाम्पा रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित उमरेली के आसपास आउटर में सिंग्नल नहीं मिलने के के कारण करीब 3 घंटे तक रोक दिया गया। इससे परेशान होकर आसपास के यात्री ट्रेन से उतरकर पैदल अपने घर तक जाना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि जिनके छोटे बच्चे या बुजुर्ग माता पिता साथ थे। उन यात्रियों काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप

मालखरौदा में विराट दशहरा उत्सव एवं डांस प्रतियोगिता 20 को



मालखरौदा। गौरव ग्राम मालखरौदा में इस वर्ष 20 अक्टूबर को खेल मैदान में विराट दशहरा उत्सव एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जहां रावण दहन रात्रि के 8 बजे होगा। इसके के बाद रात्रि 9 बजे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम होगा जिसमें एकल युगल और ग्रुप में डांस प्रतियोगिता में विजयी प्रतियोगियों को 1 लाख से अधिक का पुरस्कार दिया जाएगा। ग्राम पंचायत मालखरोदा एवं ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

शिवरीनारायण में बुजुर्गों को वितरित की गई स्टिक



शिवरीनारायण। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को शिवरीनारायण के बाम्बे मार्केट स्थित दुर्गा पूजा स्थल पर बुजुर्गों को स्टिक का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारायण सेवा समिति, शिवरीनारायण द्वारा किया गया। इस पहल के माध्यम से बुजुर्गों को सहारा प्रदान करने और उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने का प्रयास किया गया। चलने-फिरने में परेशानी का सामना करने वाले बुजुर्गों के लिए स्टिक उपयोगी सहारा साबित होगी। कार्यक्रम के जरिए समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सेवा भावना का संदेश दिया गया। नारायण सेवा समिति द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत बुजुर्गों की सहायता के लिए किया गया यह प्रयास सामाजिक सरोकार और जनसेवा की भावना को दर्शाता है। ऐसे आयोजन समाज के लोगों को जरूरतमंदों की मदद करने तथा बुजुर्गों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

अजंता मैदान में 45 फीट के रावण का किया जाएगा दहन

अकलतरा। क्षत्रिय समाज विजयादशमी महोत्सव समिति के द्वारा 45 फीट के रावण पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। विजया दशमी के अवसर पर आजाद चौक स्थित रावण दहन स्थल अजंता मैदान में 45 फ़ीट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।रावण दहन से पूर्व भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की भव्य जीवंत झांकी निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करेगी। नगर भ्रमण के पश्चात रावण दहन स्थल पर सुसज्जित मंच में धार्मिक गीतों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, रावण दहन से पूर्व भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम भी रखा गया है। आयोजन समिति के द्वारा क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजन समिति के डॉ. विवेक सिंह बैस,गगन सिंह बैस ,अभिनव सिंह बैस ,सिद्धार्थ सिंह बैस,ऐश्वर्य सिंह बैस,अपूर्व पाल सिंह, जयदीप सिंह, स्वयं सिंह ,श्रीजन सिंह चंदेल एवं आयोजन समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

निधन

श्रीमती बेदमति बरेठ

बेल्हाडीह-लवसरा। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के प्रतिष्ठित नागरिक दुजराम बरेठ की धर्म पत्नी श्रीमती बेदमति बरेठ की 57 वर्ष की आयु में शुक्रवार 16 अक्टूबर को सुबह 5 बजे को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं स्वजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



नवरात्रि पर जगह-जगह हो रहा जगराता, अष्टमी पर होगी महागौरी की पूजा

सप्तमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



खोखरा में विराजी मां मनकादाई एवं चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के सप्तमी पर जिले के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ टूट पड़ी। शनिवार को मां चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर, अष्टभुजी मंदिर अड़भार, मां मनका दाई खोखरा, हरदी महामाया, केरा चण्डी सहित अन्य देवी स्थलों में लोगों की कतार सुबह से देर रात तक लगी रही।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर में सप्तमी को लोगों की भारी भीड़ रही। शनिवार 17 अक्टूबर को सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दर्शन के लिए लगी रही तथा देर रात तक मंदिरों में माता जस गीत मांदरों की थाप के साथ गुंजती रही। नवरात्र के प्रथम दिन से रतजगा के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना की जा रही है। अंचल की मुख्यतः दुर्गा दाई, मड़वारानी, मनका दाई, त्रिपुर सुंदरी, महामाया, चन्द्रहासनी, बुढ़ी माई, सम्लेश्वरी देवी, डिंडेश्वरी देवी मंदिरों सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मत्था टेक मनोकामना की। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों से नौ दिनों का वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत रहेगा। चंद्रपुर में चंद्रहासिनी मंदिर, बनारी में मां मनका दाई मंदिर, मदनपुरगढ़ में मनका माई, औराईकला में सती दाई, जांजगीर में देवी दाई, गायत्री मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, काली मंदिर चंदनिया पारा, मां काली दरबार पुरानी बस्ती जांजगीर एवं शारदा, महमदपुर में मां महामाया, घाटाद्वारी में मां त्रिपुरसुंदरी, महंत में चण्डी दाई, हरदी में मां महामाया देवी सहित चांपा, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

केरा चंडी में हवन आज-नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी पर रविवार 18 अक्टूबर को केरा चंडी मंदिर में हवन होगा।

68 वर्षों से अकलतरा में जीवंत है बंगाल की दुर्गोत्सव परंपरा



अकलतरा। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के अनूठे संगम के रूप में अकलतरा का श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव वर्षों से अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। रेलवे स्टेशन के सामने आयोजित इस दुर्गोत्सव की शुरुआत वर्ष 1958 में हुई थी। लगभग 68 वर्षों से निरंतर चली आ रही यह परंपरा आज नगर की धार्मिक एवं

- राजनांदगांव की चलित झांकियां बनीं आकर्षण

सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। बंगाल की पारंपरिक दुर्गा पूजा पद्धति और कोलकाता के दुर्गोत्सव की झलक प्रस्तुत करने वाला यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है।

अविभाजित मध्य प्रदेश के दौर में रेलवे परिक्षेत्र में बंगाली समाज के लोगों द्वारा शुरू की गई मां दुर्गा की आराधना की यह परंपरा समय के साथ व्यापक सामाजिक सहभागिता का स्वरूप ले चुकी है। आज विभिन्न समाजों के लोग उत्साहपूर्वक इसमें शामिल होकर धार्मिक आस्था, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक एकता की मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति के पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। बंगाल की परंपरा के अनुरूप



आयोजित होने वाली महाष्टमी की संधि पूजा इस उत्सव की प्रमुख विशेषता है। इसके साथ पारंपरिक पूजन सामग्री, 108 दीपों का महत्व, प्रतीकात्मक बलि तथा विजयादशमी पर सिंदूरदान जैसे अनुष्ठान आयोजन को विशिष्ट स्वरूप प्रदान करते हैं। दुर्गोत्सव को आकर्षक और यादगार बनाने के लिए समिति द्वारा राजनांदगांव से चलित झांकियां मंगाई गई हैं। 17 से 20 अक्टूबर तक इनका प्रदर्शन किया जा रहा है। धार्मिक प्रसंगों और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित ये झांकियां श्रद्धालुओं, बच्चों और युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 16 अक्टूबर को प्रतिमा स्थापना के साथ प्रारंभ हुए महोत्सव में 17 अक्टूबर को सप्तमी की विशेष पूजा हुई। वहीं 18 अक्टूबर को महाष्टमी की संधि पूजा, 19 अक्टूबर को नवमी का हवन-पूजन तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर सिंदूरदान सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। अकलतरा का यह दुर्गोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामूहिक सहभागिता, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। लगभग सात दशकों की यात्रा में इस आयोजन ने अनेक पीढ़ियों को अपनी परंपराओं से जोड़े रखा है। विभिन्न समाजों की सहभागिता ने इसे सर्वसमाज के उत्सव का स्वरूप प्रदान किया है।

नंदौरकला में मां सारंगढ़हीन देवी के दरबार में उमड़ रहे श्रद्धालु, 300 अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित



सक्ती। शक्ति नगर से महज सात किलोमीटर दूर नंदौरकला के नरवरगढ़ में स्थित प्राचीन आदि शक्ति मां सारंगढ़हीन देवी मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नहर तट पर हरे-भरे वृक्षों से घिरा यह मंदिर अपनी ऐतिहासिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस वर्ष मंदिर में करीब 300 अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई हैं। आचार्य केशरी प्रसाद पांडे द्वारा नवरात्र पूजन एवं आरती की जा रही है। वहीं सारंगढ़हीन माता सेवा संस्थान की ओर से प्रतिदिन भंडारा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग (विधि) के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने मंदिर में दर्शन के दौरान कहा कि नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसिद्ध देवी मंदिरों में पहुंचते हैं, लेकिन नरवरगढ़ स्थित मां सारंगढ़हीन देवी का प्राचीन मंदिर अब भी व्यापक पहचान से दूर है। उन्होंने बताया कि नरवरगढ़ को छठवीं-सातवीं शताब्दी के मध्य तत्कालीन राजा ढोला मारू ने बसाया था। उस समय गढ़ की सुरक्षा के लिए चारों ओर पानी से भरी खाई बनाई गई थी, जो अब सिमटकर लगभग चार फीट रह गई है। नंदौरकला के सेवानिवृत्त प्राचार्य रूपनारायण राठौर के अनुसार, गढ़ के मध्य राजा का महल स्थित था और उसके चारों ओर सुरक्षा के लिए गहरी खाई थी। खाई का अवशेष आज भी नंदौरकला और नंदौर खुर्द के बीच सीमा रेखा के रूप में दिखाई देता है। जनपद पंचायत सक्ती के पूर्व अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग में भी इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर का उल्लेख मिलता है। गढ़ के पश्चिम दिशा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण छठवीं-सातवीं शताब्दी के मध्य का माना जाता है, राजेश राठौर ने बताया कि मां सारंगढ़हीन देवी मंदिर का जीर्णोद्धार वर्ष 2007 में कराया गया था। वर्ष 2006 से बैगा दल साय निषाद के साथ राधे केवट एवं श्रीराम कुर्रे मंदिर की देखरेख और माता सेवा में जुटे हैं।

विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना शैक्षणिक सफलता की पहली सीढ़ी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत

- डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 150 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण



शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 150 छात्र-छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और बीएमआई की जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एस. के. यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना ही उनकी शैक्षणिक सफलता की पहली सीढ़ी है, ऐसे शिविरों से युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह शिविर रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी श्रीमती चांदनी छाबड़ा दुआ के नेतृत्व में एवं रेड क्रॉस के सभी एक्टिव वॉलिंटियर्स की सक्रिय प्रतिभागिता से सम्पन्न हुआ।शिविर में लगभग 150 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, बीएमआई सहित अन्य आवश्यक जांचें कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस शिविर के सफल आयोजन में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. एस. आर. महेन्द्र, डॉ आशीष तिवारी, डॉ. श्वेता जैन, सुश्री मीरा टंडन, श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर एवं समस्त अतिथि व्याख्याता सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खण्ड चिकित्सा अधिकारी पामगढ़ के आदेशानुसार डॉ. चेतन कौशिक, डॉ. पूनम यादव, फार्मासिस्ट हितेश कुमार, एएनएम संगीता नेताम, एमएलटी राधा सारथी, नेत्र सहायक अधिकारी कुलदीप सिंह क्षत्रिय,रमाशंकर पाण्डेय, साजन लहरे, सीएचओ संध्यालता कौशिक एवं आरएचओ अरुण बघेल की टीम ने सेवाएं दीं। दवाइयों एवं जांच किट की व्यवस्था फार्मासिस्ट ग्रेड-2 रवि कुमार सूर्यवंशी द्वारा की गई।

कोसला धाम को राम वन गमन एवं केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय 14 अक्टूबर को नगर पंचायत शिवरीनारायण में चलने वाले तीन दिवसीय 'शिवरीनारायण महोत्सव' के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातात्विक विभाग द्वारा नगर पंचायत शिवरीनारायण में इस कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था।

- शिवरीनारायण महोत्सव में मुख्यमंत्री को माता कौशल्या चित्र भेंट



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को माता कौशल्या चित्र भेंट करता प्रतिनिधि मंडल।

जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ में कथा के दौरान 'माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम' का वर्णन किए जाने के पश्चात 16 मई 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी कौशल्या जन्मभूमि कोसला धाम मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे, जिसका विशाल चित्र धाम के प्रतिनिधि मंडल द्वारा स्मृति के रूप में मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को सौजन्य भेंट किया गया। इसके साथ ही केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कौशल्या देवी साय व मंच पर मौजूद समस्त अतिथियों को माता कौशल्या का चित्र भेंट किया गया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा माता कौसल्या की जन्मभूमि कोसला धाम को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना एवं राज्य सरकार की राम वन गमन परिपथ योजना में शामिल कर अयोध्या, काशी कारिडोर की तर्ज पर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक रूप से विकसित करने तथा माता कौशल्या की प्राचीन मन्दिर का जिर्णोद्धार कर भव्य रूप से निर्माण करवाए जाने हेतु निवेदन पत्र सौंपा गया। कोसला धाम प्रतिनिधि मंडल में डॉ. शांति कुमार कैंवर्त्य,गुरुदयाल पाटले,श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे, मनोबल सिंह जाहिरे, ब्यास वर्मा, अवधेश कुमार साहू, फिरत राम कुर्मी, कन्हैयालाल साहू, देवकुमार साहू, गौरव तिवारी, योगेश कुमार साहू, रमेश कुमार कश्यप, अशोक कुमार साहू एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

महामाया मंदिर सक्ती से उल्दा तक निकली प्रथम पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

महामाया पदयात्रा सेवा समिति सक्ती के तत्वावधान में महामाया मंदिर सक्ती से उल्दा तक 16 किलोमीटर की प्रथम पदयात्रा

- नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने की पेयजल व्यवस्था, पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था



पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु।

निकाली गई। इस धार्मिक पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पैदल शामिल होकर अपनी आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद इंतजाम किए गए, जिससे पदयात्रा सुचारु रूप से संपन्न हुई। पदयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व में पेयजल की व्यवस्था की गई। इस दौरान राहुल अग्रवाल, कालू रघुनाथ, मनोज वकील, सोनू एवं मोहित ने सहयोग प्रदान किया। सभी ने पदयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपनी सहभागिता निभाई। आयोजन को सफल बनाने में समिति के हेमंत देवांगन, रमेश देवांगन, पीलू देवांगन, अमित तंबोली सहित समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर आयोजित महाआरती में शामिल हुए ऋतेश्वर महाराज

माता शबरी के जूठे बेर खाकर प्रभु श्रीराम ने दिया था भेदभाव मिटाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



चित्रोत्पला गंगा की महाआरती करते संत ऋतेश्वर महाराज।

भगवान शबरी नारायण की पावन नगरी शिवरीनारायण में चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर आयोजित महाआरती में सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से महानदी की महाआरती कर नगर की आध्यात्मिक महत्ता को रेखांकित किया।

इस दौरान उन्होंने शिवरीनारायण को आस्था, समरसता और आध्यात्मिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए महानदी की स्वच्छता और संरक्षण पर विशेष जोर दिया। सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि शिवरीनारायण त्रिवेणी संगम पर स्थित एक पवित्र तीर्थ क्षेत्र है। इस नगरी का संबंध भगवान श्रीराम और माता शबरी की पावन कथा से जुड़ा है। माता शबरी के जूठे बेर स्वीकार कर भगवान श्रीराम ने समाज को प्रेम, समानता और भेदभाव मिटाने का संदेश दिया था। यह प्रसंग आज भी मानवता को आपसी प्रेम और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण में प्रतिदिन होने वाली महानदी महाआरती इस धार्मिक नगरी की महत्ता को और भी विशेष बनाती है। महाआरती के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि केवल आरती करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिस महानदी की हम पूजा करते हैं, उसे स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना भी हम सभी का कर्तव्य है। महाराज ने कहा कि महानदी के तट पर गंदगी और कूड़ा-कचरा नहीं होना चाहिए। महानदी तट पर हुए विकास कार्यों को लेकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि एक समय यह स्थान गंदगी और कूड़ा-कचरे से भरा रहता था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यहां साफ-सफाई करवाने के साथ चौपाटी का निर्माण कराया, जिससे इस स्थल को व्यवस्थित स्वरूप देने की दिशा में प्रयास किए गए। संजय अग्रवाल ने कहा कि शिवरीनारायण में धार्मिक स्थलों के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। उनके मार्गदर्शन से नगर के धार्मिक महत्व के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। यहां प्रतिदिन होने वाली महाआरती श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, बुद्धेश्वर केशरवानी, विष्णुहारी गुप्ता, सहित नगर के जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों श्रद्वालु उपस्थित रहे।



